Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-04-2022 | अंक 195

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जानिए अपने पंचायत चुनाव के बारे में ....

### चुनाव कब और क्या क्या होंगे?

हजारीबाग जिले के बरही, चौपारण, बरकट्ठा, पदमा एवं चलकुसा का चुनाव 14 मई को होगा।

नामांकन की तिथि : 16 अप्रैल से 23 अपैल तक

स्कुटनी की तारीख : 25 अर्पेल से 26 अप्रैल तक

नाम वापसी की तिथि : 27 अपैल से 28 अर्पेल 2022 तक
समय 11 बजे पूर्वाहन से 3 बजे अपराहन तक

निर्वाचन प्रतीक चिन्ह यानि चुनाव चिन्ह का आवंटन की तिथि 29 अप्रैल समय 11 बजे पूर्वाहन से कार्य पूर्ण होने तक

मतदान की तारीख : 14 मई 2022
समय सुबह 7 बजे से अपराहन 3 बजे तक

मतगणना की तारीख 17 मई सुबह आठ बजे से

**चुनाव कोड प्रखंड का**

चौपारण : 01
बरही : 02
बरकट्ठा : 03
चलकुसा : 04
पदमा : 06

**कितना खर्च कर सकते हैं**

1. वार्ड सदस्यः 14000 अधिकतम
2. मुखिया 85000 अधिकतम
3. पंचायत समिति सदस्य : 71000
4. जिला परिषद सदस्यः 214000

**प्रपत्र कहां जमा होगा**

1. मुखिया एवं वार्ड सदस्यः बीडीओ
2. पंचायत समिति सदस्यः एसडीओ
3. जिला परिषद सदस्यः हजारीबाग जिला

## पंचायत चुनाव : आपकी सरकार, गांव की सरकार

## आपकी आवाजः अपेम लाइव न्यूज के साथ

**अंकः 02**

## सैरा खातून, भावी मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

# कोनरा के रियाडा विस्थापित रैयतो का उसका वाजिब हक दिलाना हमारी प्राथमिकता रहेगी : सैरा खातून

## महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार सहित शिक्षा स्वास्थ्य सुधार पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**कृष्णा प्रजापति**

कोनरा पंचायत से प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता , महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति सैरा खातून कोनरा पंचायत के विकास का लक्ष्य लेकर कोनरा पंचायत से भावी मुखिया उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में आने की घोषणा कर चुकी हैं। सामाजिक कार्यों में इनकीं बढ चढ़ की भागीदारी होती रहती है। गरीबो की सेवा, गरीब बच्चियों की शादी विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करना इन्हें क्षेत्र में लोकप्रिय बनाती है। सरल सुलभ एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी सैरा खातून की पहचान एक सामाजिक सेविका के रूप में बनती जा रही है। अपेम लाइव की टीम ने सैरा खातून से एक्सकलूसिव बात चीत की है उनका कुछ अंशः–

सवालः कोनरा पंचायत से मुखिया के चुनाव में आने के पीछे क्या सोच है ?

उतरः चुनाव के पहले से ही हम कोनरा की जनता की सेवा एवम उनके दुख सुख में हमेशा भागीदार रही हूं। अब हम मुखिया बनकर हर तबके के लोगों के विकास करना चाहती हूं। इसलिए हमने कोनरा से मुखिया की उम्मीदवारी पेश की है।

सवालः मुखिया बनकर आप क्या क्या करना चाहेंगी।

उतरः कोनरा पंचायत की जनता यदि उन्हें अपना आशीर्वाद देगी तो हम गरीब जनता के विकास के लिए हर ओ काम करेंगे , जो उनके अधिकार क्षेत्र में आएगा। जनता को जो संवैधानिक अधिकार मिला है उसे हर हालत में उसे मुहैया कराने का प्रयास करेंगी।

सवालः आप खुद एक महिला हैं । आप खासकर महिलाओं के लिए क्या क्या करेंगी।

उतरः मैं खुद महिला हूँ, इस नाते जहां तक मेरा मानना है कि बिना महिलाओं के विकास के पूर्ण विकास की बात करना सही नही होगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम में लहरा रही हैं। मेरी सोच है कि कोनरा पंचायत की महिलाओं के साथ साथ बरही प्रखण्ड के सभी



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी कोनरा पंचायत

महिलाओ को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उनके लिए रोजगार की व्यवस्था करेंगी। हर मुहल्ला में सिलाई कढ़ाई के साथ साथ कुटीर उद्योग स्थापित कर उन्हें प्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जोड़ने का काम करेंगी

सवालः रियाडा को लेकर विस्थापितों के लिए आपका क्या प्लान है?

उतरः कोनरा के लगभग 90 प्रतिशत लोगों की जमीन कौड़ियों की भाव मे ली गई। सभी जमीन के मामले में विस्थापित हो गए हैं। कृषि लायक जमीन छीन गई है। बड़े बड़े उद्योग धंधे लग गए हैं। लेकिन इसका लाभ आम विस्थापित कोनरा की जनता को नही मिल रही है। दलाल किस्म कुछ लोगों को लाभ मिल रहा है। मुखिया बनने के बाद जो लोग बेरोजगार हैं , उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। दलालीगिरी बंद कर आम जनता को रियाडा से जोड़ेंगे। सभी के साथ न्याय होगा।

सवालः अक्सर देखा जा रहा है कि बुजुर्गों को पेंशन का पात्रता रहने के बाद भी पेंशन के लिए भटकना पड़ता है। इसके लिए क्या उपाय करेंगे।

उतरः जिनकी भी उम्र 60 वर्ष हो गया है। उनके लिए विशेष शिविर लगाकर पेंशन दिलाने का काम किया जाएगा। सर्वे कर विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन दिलाने का पूरा प्रयास रहेगा।

सवालः युवाओं के विकास के लिए क्या योजना है?

उतरः मेरा मानना है कि युवाओं के विकास पर देश की अर्थव्यवस्था टिकी रहती है। इसलिए हमारी योजना है कि शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलवाकर उन्हें स्व रोजगार के लिए प्रेरित करें। उनकी आर्थिक प्रगति के लिए हम काम करेंगे

सवालः आप कोनरा पंचायत की जनता से क्या अपील करना चाहेंगी।

उतर : कोनरा पंचायत में मुखिया पद के कई उम्मीदवार होंगे । सबका बैकग्राउंड एवं पूर्व के प्रतिनिधियों के द्वारा पंचायत के विकास के लिए कितना काम किया गया उसका आंकलन जनता जरूर करे। मैं विशुद्ध तौर पर समाज की सेवा के लिए पंचायत चुनाव में आई हूँ। एक बार सेवा का मौका दें, अपनी आशीर्वाद दें। विश्वास कर अपना मत दें। मैं कोनरा पंचायत के विकास के लिए कोई कोर कसर नही छोडूंगी। मुझे कोनरा पंचायत की जनता पर पूरी उम्मीद है कि ओ सब मुझे अपना आशिर्वाद जरूर देंगे। मैं भी उनके उम्मीद पर खरा उतरूंगी। कोनरा पंचायत में संप्रदायिक सदभाव बनाए रखने आपसी भाईचारगी बने रहे। इस पर पूरा ध्यान रहेगा।

**नोटः अगर आप भी अपनी विजन जनता के साथ अपेम लाइव के माध्यम से पहुंचाना चाहते हैं तो आप 7004315535 पर संपर्क कर सकते है।**

# गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में एक और जहां गर्मी एवं तेज धूप जारी है, तो वहीं दूसरी और बरही एवं आस पास के ग्रामीण इलाकों में घंटो बिजली कटौती से लोगो का जीना दुभर हो गया है। जबकि बिजली का प्रत्येक यूनिट दर बढ़ाया जा रहा है। दोपहर से ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है, जो पूरा दिन भर यह शील शीला जारी रहता है। रात के समय में भी बिजली की कटौती शहरी एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों की नींद हराम हो रही है। आए दिन अघोषित बिजली कटौती भीषण गर्मी में लोगो को हल्कान किए हुए है। भीषण गर्मी में पंखा और कूलर भी गर्म हवा दे रहे है। ऐसे में दिन में करीब तीन से चार घंटे के लिए बिजली गुल होने से लोग परेशान है। वहीं दूसरी और मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटने का कोई समय सीमा निश्चित नहीं है। और वहीं दूसरी दसवीं और बारहवीं के बच्चो का परीक्षा भी चल रहा है। जिससे बिजली सही ढंग से नहीं मिलने के कारण बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे है।

# पांच सालों से खराब पड़ा है लसकरी आंगनबाड़ी केंद्र का चापाकल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लसकरी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का चापाकाल लगभग पिछले पांच सालों से खराब पड़ा हुआ है। जिसका जेड पंप भी काम करना बंद कर दिया है। जिससे आंगनबाड़ी में पढ़ रहे सभी बच्चे बगल के चापाकल से पानी पीने के लिए मजबूर नही। वहीं पूछे जाने पर आंग. नबाड़ी केंद्र की सेविका अनीता देवी ने बताई की इस आंगनबाड़ी केंद्र का चापाकल पिछले पांच सालो से खराब पड़ा हुआ है। और इस खराब पड़े चापाकल को बनाने को लेकर विभाग को कई बार आवेदन भी दे चुकीं हूं। लेकिन अभी तक चापाकल नही बनाया गया है। वहीं उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों से मांग किया है की खराब पड़े चापाकल को यथाशीघ्र बनाया जाए जिससे हमारे बच्चे को इसका लाभ मिल सके।



खारब पडा चापाकल

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## लठिया में हो रहे प्रवचन में शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के ग्राम लठिया में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा के संध्या में के प्रवचन बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। वहीं कमेटी के सदस्यो ने उन्हे माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि क्रोध, विनाश और लोभ इन सभी चीजों से हमेशा सावधान रहे। क्योंकि यह विनाश को शीघ्र बुला लेती है। 84 लाख योनियों के बाद हमें मनुष्य शरीर मिला है। इसे व्यर्थ न जाने दे, और सदा प्रभु का गुणगान करते रहे।

## कटकमसांडी में तीन दिवसीय क्षत्रिय महाधिवेशन आरंभ

**अपेम लाइव : कटकमसांडी**



कटकमसांडी प्रखंड के परियोजना उच्च विद्यालय के नजदीक दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा उत्तरी छोटानग. पुर का 96 वाँ महा. धिवेशन बुधवार को कंडसार निवासी महेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में आरंभ हुआ जिसका संचालन कृष्णा कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दहेज उन्मूलन समिति के सभापति गोपाल सिंह वा पूर्व सभापति अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आचार्य आदित्य शास्त्री द्वारा वेद पूजन कराया गया, क्षत्रिय ध्वजारोहण के पश्चात दीप प्रज्वलन कर भूतपूर्व सभापतियो को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। जिसमे स्व छत्री सिंह, स्व प्रसादी सिंह, राजुकमार सिंह वा सरयू सिंह के आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किए। वर्तमान सभापति द्वारा विषय प्रवेश करवाया गया एवं उसके पश्चात अधिवेशन की समीक्षा, विकास पर चर्चा, ग्राम समिति का विस्तार तथा मेधावी छात्रों को चिन्हित कर पुरुस्कृत करने पर विचार किया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में ही सड़क दुर्घटना में सूरज देव कुमार उम्र 28 वर्ष पिता अशोक रिस्क०न बिहार निवासी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरघाटी से धनबाद जाने के क्रम में बरसोत में अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगो ने तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## समाजसेवी भगवान केशरी ने अपने पिता के 100 वे वर्ष पर ब्राह्मणों को किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही के वरिष्ठ समाजसेवी भगवान केशरी एवं उनकी धर्मपत्नी संजू देवी ने अपने पिता ईश्वर केशरी के 100 वाँ वर्ष पूरा होने पर बरही के सभी ब्राह्मणों को पंचांग पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं सम्मानित होने वाले ब्राह्मणों ने रामचंद्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, गौतम पांडेय, दिनेश पांडेय, बैधनाथ पांडेय, विक्रम पांडेय, उपेंद्र पांडेय, रामलखन शर्मा, अजय पांडेय, संजय पांडेय, छोटी पांडेय, उमेश पांडेय, दिलीप पांडेय, सुनील पांडेय, महेंद्र पांडेय, सरयू पांडेय, राजेंद्र पांडेय, बिपिन बिहारी पांडेय एवं धनंजय पांडेय शामिल है।

## झारखंड पंचायत चुनाव 2022

### नौजवान और शिक्षित प्रत्याशियों को मदद करेगी संजय मेहता की टीम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


संजय मेहता

झारखंड में पंचायत चुनाव का एलान हो चुका है. प्रत्याशी अपने – अपने जीत का दावा पेश कर रहे हैं. इस बीच संजय मेहता ने यह घोषणा की है की उनकी टीम शिक्षित और युवा प्रत्याशियों को मदद करेगी. सम्पूर्ण झारखंड के किसी भी क्षेत्र से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में किसी भी पद पर लड़ने के इच्छुक संभावित प्रत्याशी संजय मेहता के कार्यालय में +91-9430195900 नंबर एवं ईमेल वर्पिबमैंद. रंलडमीजं/हउंपस.बवउ पर संपर्क कर सकते हैं. 2019 विधानसभा चुनाव में झारखंड के सबसे युवा विधायक प्रत्याशी रहे संजय मेहता ने कहा की युवा और शिक्षित लोगों का राजनीति में आना ज़रूरी है. ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने में रणनीतिक मदद करना जरुरी है. विधिक एवं रणनीतिक समझ के आभाव में चुनाव के दौरान प्रत्याशियों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कई प्रत्याशी के नामांकन रद्द हो जाते हैं, कई प्रत्याशी पर आचार सं. हता उल्लंघन का केस दर्ज हो जाता है. ऐसे में प्रत्याशियों को बेहतर मार्गदर्शन दिया जाना ज़रूरी है. संजय मेहता ने बीजेएमसी, एमजेएमसी, एलएलबी की शिक्षा हासिल की है. वर्तमान में एलएलएम के छात्र भी हैं. इन्होंने अब तक दो लोकसभा एवं 8 राज्यों के विधानसभा चुनाव में अपना रणनीतिक योगदान दिया है. संजय प्रशांत किशोर की कंपनी से भी लंबे समय तक जुड़े रहे हैं. अब वे झारखंड में युवा राजनीति को एक नई दिशा देने की को. शिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि राजनीति की पहली सीढ़ी पंचायत चुनाव है. ऐसे चुनाव में युवा पीढ़ी के लिए रास्ता तैयार कर हम भविष्य के नेतृत्वकर्ता तैयार कर सकते हैं.

## सर्पदंश से महिला की मौत

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के पिपराडीह पंचायत अंतर्गत गैड़ा गाँव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान अंबिया देवी उम्र 46 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार अम्बिया देवी अपने खेत में काम कर रही थी। इसी बीच एक विषैले साँप ने महिला को पैर में डस लिया और वो बेहोश हो गई। पास के खेतों में काम कर रही अन्य महिलाओं ने शोर मचा कर लोगों बुलाया। जहां ग्रामीणों ने उक्त महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया। जहां उनकी मौत हो गयी। इधर महिला के मौत पर गैड़ा गांव में मातम है। उनके छोटे–छोटे बच्चे हैं। बताया जाता है कि वो मृदुभाषी तथा व्यवहारिक महिला थी। मुखिया धीरज कुमार, वार्ड सदस्य रेखा देवी, मनीता कुमारी, शिवचरण यादव, निर्मल दास, समाजसेवी अर्जुनचन्द्र यादव, प्रकाश यादव, सुधीर यादव, गोलकीपर मनोज यादव आदि ने महिला की आकस्मिक मौत पर शोक व्यक्त किया है।

## चंदवारा पुलिस ने किया मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन, दो गिरफ्तार

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के करौंजिया गांव स्थित महुडरा के एक घर में अवैध हथियार बनाए जाने की गुप्त सूचना पर चंदवारा पुलिस द्वारा छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान पिस्टल बनाने वाले कई उपकरण व अर्धनिर्मित पिस्टल बरामद किया गया। वहीं मामले को लेकर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मो. सद्दाम उम्र 26 वर्ष पिता मो. सद्दाम उदीन ग्राम हजरत नगर, थाना कांशी बाजार, जिला मुंगेर बिहार तथा मो. सगीर अली उम्र 49 वर्ष ग्राम सुंदर नगर थाना कोडरमा के नाम शामिल है।

APEM LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# RAINBOW SCHOOL BARHI

**Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag**
**Contact Number- 8210966457,8863095445**
UID NO. 20040117202 **(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)**


## ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum










इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से






**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी




**तापेश्वर प्रसाद**
सामाजिक कार्यकर्ता

# CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

**Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum**

CLASS : Nusery to VIIIth.

For Children's bright future.

(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए नि: शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डलवा दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है। |

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)
Mob. 9973278122, 9199197021

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह, 13 अप्रैल 2022को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 को सुचारू रूप से सभी कार्यों को स–समय संचालन हेतु जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार के कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व उचित दिशा–निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर गठित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी के रूप में उप विकास आयुक्त गिरिडीह को नामित किया गया है। 1. कार्मिक कोषांग :– यह कोषांग जिला स्थापना शाखा, गिरिडीह में तत्काल प्रभाव से संचालित होगा अपर समाहर्ता इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व 1. जिला में पदस्थापित राज्य एवं केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्थानीय निकायों में पदास्थापित पदाधिकारी कर्मियों की सूची (बैंक पासबुक की विवरणी) सहित प्राप्त करना तथा पदवार उन्हें वर्गीकृत कर कंप्यूटर डेटाबेस में प्रविष्टि सुनिश्चित कराने हेतु कंप्यूटर कोषांग जिला सूचना एवं विज्ञान पदा. धिकारी को सूची उपलब्ध कराते हुए अपनी देखरेख में डाटा एंट्री कार्य को संपादित कराना। 2. संधारित डेटाबेस का कंप्यूटरकृत सूची का सत्यापन कर मतदान एवं मतगणना कर्मियों तथा चुनाव दंडा. धिकारीयों का नियुक्ति पत्र तैयार कर स–समय तामिला एवं योगदान सु. निश्चित कराना। 3. समय पर मतदान दल सेक्टर अःाफिसर/गश्ती दल/माइक्रो ऑब्जर्वर एवं आयोग द्वारा निर्देशित अन्य कर्मियों के साथ मतदान केंद्रों की संबद्धता करना तथा योगदान के समय कर्मी को इसकी जानकारी देना। 4. सामग्री वितरण के दिन डिस्पैच सेंटर पर कर्मियों का योगदान प्राप्त कर मतदान दल के सदस्यों को आपस में एक दूसरे से मिलाना। अनुपस्थित कर्मियों के स्थान पर सुरक्षित दलों से कर्मियों को प्रतिस्थापित करना। 5. मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक/सहायक/माइक्रो आब्जर्वर अतिरिक्त काउंटिंग स्टॉप का नियुक्ति पत्र तैयार कर ससमय तमिला योगदान एवं अनुपस्थित कर्मियों के स्थान पर सुरक्षित से प्रतिस्थापना का कार्य करना। अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की अनुशंसा करना। 6. मतदान/मतगणना में प्रतिनियुक्त कर्मियों की सूची तैयार कर प्रशिक्षण के लिए निर्धारित तिथि के 3 दिन पूर्व प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को उपलब्ध कराना एवं प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों की सूची प्रशिक्षण कोषांग से प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा करना। 2. कंप्यूटर कोषांग/सूचना तकनीकी कोषांगरू– यह कोषांग जिला सूचना विज्ञान केंद्र गिरिडीह में तत्काल प्रभाव से संचालित किया जाएगा अपर समाहर्ता इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व निर्वाचन हेतु गठित कोषांगों के कार्यों के आधार पर कंप्यूटरीकरण करना। का. र्मिकों का डेटाबेस तैयार करना एवं इससे संबंधित कार्य। आवश्यकतानुसार कोषांगों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करना। मतदान के दिन वोटर टर्नआउट रिपोर्ट तैयार करना एवं मतगणना दिवस पर ब्रज गृहों/ हालों में कंप्यूटर ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति एवं कंप्यूटर अधिष्ठापन करना। 3. प्रशिक्षण कोषांगरू– यह कोषांग सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में मतदान हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का डेटाबेस तैयार होने के उपरांत संचालित किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व कार्मिक कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदा. धिकारी से समन्वय स्थापित कर का. र्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु स्थान एवं तिथि का निर्धारण करना। राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला पंचायत राज कार्यालय गिरिडीह से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का पूर्ण दायित्व इस कोषांग की होगी। जिला राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र/जिला पंचायत शाखा से समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण सामग्री एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त करना। 4. सामग्री कोषांग :– यह कोषांग कृषि उत्पादन बाज़ार समिति, बिशुनपुर में संचालित किया जाएगा। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व आवश्यकता अनुसार मतदान/मतगणना सामग्री को जिला पंचायत शाखा से अधियाचित करते हुए जिला क्रय समिति द्वारा स्वीकृत नमूने के अनुसार आपूर्तिकर्ता से प्राप्त करना। आपुरित सामग्री का मतदान कार्य ब्रजगृह एवं मतगणना हेतु अलग अलग पैकेट तैयार करना तथा संबंधित मतदान दलों/संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों/मतगणना कर्मियों को निर्धारित तिथि को स–समय में उपलब्ध कराना। मतदान सामग्री मतदान दलों को उपलब्ध कराने के समय पीठासीन व मतदान अधिकारी का पंजी में हस्ताक्षर प्राप्त करना एवं उनका मोबाइल नंबर प्राप्त करना। 5.मतपत्र विच्छेदन कोषांगरू– यह कोषांग सदर प्रखंड कार्यालय स्थित नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस में संचालित होगा। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी जिला योजना पदा. धिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व मतपत्र/पेपरसील प्राप्त होते ही इसका भौतिक सत्यापन संख्याक जांच कर सुरक्षित रखाव करना। त्रुटिपूर्ण मतपत्र प्राप्ति की स्थिति में इनकी सूची संबंधित निर्वाचित पदाधिकारी को देना। चेक स्लिप के साथ मत्रपत्रों/पेपरसील का मतदान केंद्रवार विच्छेदित कर इसे गश्ती दलों को उपलब्ध कराना। 6. परिवहन कोषांग :– यह कोषांग भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय में संचालित किया जाएगा। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी होंगें।इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व चुनाव कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के वाहनों की आवश्यकता का आकलन करना एवं जिला परिवहन कार्यालय गिरिडीह से संबंधित वाहनों की सूची प्राप्त कर अधियाचना पत्र तैयार कर इसका स–समय तमिला सुनिश्चित करना तथा वाहनों का अधिग्रहण करना। वाहनों के आवक एवं निर्गमन को सुव्यवस्थित करना एवं वाहनों का रिकॉर्ड रखना। डिस्पैच सेंटर के अनुसार वाहन संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों को उपलब्ध कराना एवं मतदान गश्ती दल के लिए वाहन कर्णकित कर रूट चार्ट के अनुसार वाहनों को संबोधित करना। 7. विधि व्यवस्था सह आदर्श आचार संहिता कोषांगरू– यह कोषांग जिला गोपनीय शाखा से मतदान के तिथियों की घोषणा/आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ संचालित होगा अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व चुनाव के तारीख को की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी होता है यह कोषांग आदर्श आचार संहिता संपत्ति विरूपण अधिनियम पोस्टर पंपलेट मुद्रण पर नियंत्रण प्रतिबंध निर्देश लाउडस्पीकर एंड एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950/1951 तथा चुनाव के संदर्भ में आईपीसी के संगत नियमों धाराओं के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सु. निश्चित कराएंगे। निर्वाचन अधिसूचना की तिथि से आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन उपायुक्त के अनुमोदनपरांत राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड रांची को प्रेषित करना। विभिन्न अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार मतदान दिन के लिए उपायुक्त के आदेश से यथा निर्देश वाहन उपयोग की अनुमति प्रदान करना एवं वाहनों को अधियाचना से भी मुक्त करने संबंधी कार्य। चुनाव एवं मतगणना के संदर्भ में जिला आदेश/संयुक्त आदेश इसी कोषांग के द्वारा तैयार किया जाएगा इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। अभ्यर्थिता वापसी के तुरंत बाद संवे. दनशील/अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान कर इसकी सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना। यह कोषांग पुलिस अधीक्षक गिरिडीह से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सूचनाओं का आदान प्रदान करेगा।8. मीडिया कोषांगरू– यह कोषांग जिला जनसंपर्क कार्यालय गिरिडीह में तत्काल प्रभाव से संचा. लित रहेगा। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी जिला सूचना एवं जन. संपर्क पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से समन्वय स्थापित कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी/जिला उप निर्वाचन पदा. धिकारी/ निर्वाची पदाधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव से संबंधित जानकारी देना। समय–समय पर पत्रकार सम्मेलन का आयोजन करना। मतदान के दिन मतगणना परिसर में प्रवेश हेतु मीडिया कर्मियों का पहचान पत्र निर्गत करने हेतु आवेदन पत्र संबंधित एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए पहचान पत्र सहित प्राप्त कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अनुमोदनपरांत संबंधित मीडिया कर्मियों को उपलब्ध कराना। मतगणना के दिन मतगणना केंद्र में मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना। पेड न्यूज मामलों की जांच एवं विज्ञापन को प्रमाणीकरण कार्य किया जाना। अन्य कार्य जो जिला उप निर्वाचन पदाधिक. ारी वरीय पदाधिकारी द्वारा सौंपा जाए। 9. प्रेक्षक कोषांगरू– यह कोषांग नया परिसदन भवन गिरिडीह में चुनाव के निमित्त आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक महोदय के आगमन की सूचना के साथ ही संचालित होगा। इस कोषांग के नोडल पदा. धिकारी डायरेक्टर डीआरडीए होंगें। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व प्रेक्षक का आवासन परिवहन एवं अन्य व्यवस्था का कार्य। प्रेक्षकों को वांछित सूचना एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराना। प्रेक्षक की नियुक्ति की सूचना प्राप्त होने के साथ ही उनके संपर्क पदाधिकारी की नियुक्ति संबंधी कार्रवाई करना। 10. अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांगरू– यह कोषांग वाणिज्य कर कार्यालय गिरिडीह में चुनाव तारीखों की घोषणा के उपरांत संचालित होगा तथा इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी वाणिज्यकर आयुक्त गिरिडीह होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व अभ्यर्थियों के दैनिक बे की सर्वाधिक जांच। चुनाव प्रचार में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों का प्रचलित बाजार दर प्राप्त कर इसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, प्रेक्षक, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाची पदा. धिकारी को उपलब्ध कराना। चुनाव संपन्न होने के उपरांत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल निर्वाचन व्यय लेखा पंजी के आधार पर आयोग को भेजा जाने वाला भी विवरण ही संबंधी प्रतिवेदन व्यय प्रपत्र में तैयार कर गए प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन कराएगा जिला पंचायत राज कार्यालय गिरिडीह में उपलब्ध कराना। 11. पंचायत निर्वाचन कोषांगरू– यह कोषांग जिला पंचायत राज कार्यालय गिरिडीह में तत्काल प्रभाव से संचा. लित होगा। उप विकास आयुक्त इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड रांची से प्राप्त पत्रों निर्देशों का ससमय निष्पादन करना। सभी कोषांगों/निर्वाची पदाधिकारियोंद्वारा किए जा रहे कार्यों का पर्यवेक्षण एवं उनसे समन्वय स्थापित कर कार्य संपादन करना। विभिन्न व्यवस्थाओं का आकलन कर ससमय इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना। कोषांगों से प्राप्त अधियाचना के आलोक में सामग्री अन्य व्यवस्था ससमय उपलब्ध कराना। 12. नियंत्रण कक्ष :– यह कोषांग जिला नियंत्रण कक्ष (एच ई हाई स्कूल गिरिडीह के सामने) में चुनाव तारीखों की घोषणा के उपरांत संचालित किया जाएगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस कोषांग के कार्य एवं दायित्व निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि से नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। पता निर्वाचन की अधिसूचना होते हैं नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या जिला पंचायत राज कार्यालय गिरिडीह में उपलब्ध कराना ताकि इसका प्रक. ाशन सर्वसाधारण की जानकारी हेतु किया जा सके। निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि से प्रतिदिन वहां पर स्थापित दूरभाष पर आने वाले प्रत्येक शिकायत सूचना को पंजी में दर्ज करना एवं संबंधित अधिकारी को इसकी ससमय सूचना देना। प्राप्त शिकायत सूचना का निराकरण हो जाने पर इससे उक्त पंजी में दर्ज करना। उपरोक्त उल्लेखित गठित कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित कोषांगों में स–समय अपना योगदान समर्पित करेंगे एवं अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।–

## प्रशासन ने प्रखंड वासियों को दिया बधाई की प्रशंसा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न होने पर प्रखंड प्रशासन द्वारा बड़कागांव की जनता को बधाई दिया है। अंचला. धिकारी प्रभात भूषण सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिक. ारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि रामनवमी को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की कई चुनौतियां थी जिसमें ग्रामीणों के सहयोग काफी सराहनीय रहा ग्रामीणों ने हर समय हर मौके पर प्रशासन का सहयोग किया। वही एसडीपीओ अमित कुमार सिंह एवं ने कहा कि हरली मेला टांड़ एवं बड़कागांव मुख्यालय में भारी संख्या में झांकी देखने ग्रामीण पहुंचे थे । लाठी डंडा खेलने प्रदर्शन करने के दौरान व अन्य मामलों में किसी भी प्रकार की मारपीट की एक भी घटना नहीं हुई । ग्रामीणों ने अपनी सूझबुझ का परिचय दिया वे प्रशंसा के पात्र हैं। बधाई देने वाले लोगों में मुख्य रूप से इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी गौतम कुमार, एस आई अजीत कुमार, विजय कुमार ,चनेश्वर किस्कु, रुस्तम अली, एसडी सिंह के अलावा कई पदाधिक. ारियों ने ग्रामीणों को महा रामनवमी सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर बधाई दी है।




## पंचायत चुनाव ड्यूटी में लगने वाले शिक्षको का प्रशिक्षण चौपारण में ही : शिक्षक संघ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 हेतु शिक्षकों व कर्मियों का प्रशिक्षण प्रखंड स्तर पर कराने के लिए आज अखिल झारखंड प्रा. थमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई द्वारा निर्वाचन पदा. धिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग से अनुरोध किया गया है कि उक्त चुनाव में प्रखंड के सभी शिक्षकों व कर्मियों का प्रशिक्षण चौपारण प्रखंड में ही कराने की व्यवस्था की जाय। विदित हो कि कर्मियों का प्रशिक्षण कई चरणों में होता है। वर्तमान में भीषण गर्मी एवं प्रखंड से जिला मुख्यालय की अत्यधिक दूरी को देखते हुए प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रखंड में करने का अनुरोध किया गया है । विदित हो कि प्रखंड के कर्मियों को जिला आने–जाने का व्यय विभाग द्वारा दिए अग्रिम मानदेय से अधिक होता है। उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों व कर्मियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रखंड मुख्यालय में कराने की मांग संघ द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी से की गई। इसकी प्रतिलिपि प्रशिक्षण कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग तथा अनुमंडल पदाधिकारी बरही को भी दिया गया। इस दौरान अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण के अध्यक्ष कमलेश कुमार कमल, कोषाध्यक्ष शशिकान्त शर्मा, प्रवक्ता डॉ प्रदीप साहू, वरीय शिक्षक सुरेन्द्र कुमार दास, राकेश कुमार, राजकुमार प्रजापति, जनर्दन प्रसाद वर्मा, उमेश सिंह, मो0 कैसर आलम, छोटन प्रसाद, अशेश्वर प्रजापति, अनिल महतो, गौतम राणा आदि अनेक शिक्षक उपस्थित थे ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अप्रैल माह के बुधवार को देखने को मिला कोहरा

**अपेम लाइव : व्यूरो चीफ गिरिडीह**



गिरिडीह जिले के बिरनी में कई क्षेत्रों में बुधवार की सुबह घने कोहरे देखने को मिला जानकारी के मुताबिक बता दे कि कोहरे तो जड़ा के मौसम में अक्सर देखने को मिलता है।लेकिन बुधवार को सुबह होते ही कोहरे और दोपहर होते ही ये चील चिलती धूप और तापमान 42 डिग्री पार से लोगो को घर मे डुबोकर रखा है।

## झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्ममहासंघ की बैठक में, बिहार के बेगुसराय में होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन पर चर्चा

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**




कल दिन मंगलवार को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक सदर अस्पताल परिसर में हुई। इस बाबत महासंघ जिलामंत्री कृष्णा प्रसाद ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर पूरे भारतवर्ष में केंद्र की सरक.ारी नीतियों के खिलाफ संघ दिवस के अवसर पर झंडा फहराकर विरोध किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि 13 अप्रैल से 16 तक होने वाले अखिल भारतीय राज्य कर्म महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन बिहार के बेगुसराय में होगा जिसमे गिरिडीह से तीन प्रतिनिधि शामिल होंगे मैं और मि. थलेश कुमार संगठन सचिव- महासंघ, अंजनी कुमार वर्मा, जिला मंत्री स्वास्थ्य विभाग। जिसमें पुरानी पेंशन योजना, अनुबंधित व अ०ट्सर्सिंग कर्मचारी को स्थाई करें आदि की मांग है।

## अम्बेडकर जंयती पर तैयारी पूरी

## बिरनी में गुरुवार को ऐतिहासिक रूप में निकलेंगे जुलूस

**अपेम लाइव : व्यूरो चीफ गिरिडीह**



अम्बेडकर जंयती पर तैयारी पूरी हो चुकी है। बिरनी प्रखंड में गुरुवार को अम्बेडकर जंयती बिरनी में ऐतिहासिक रूप रहेगा।जानकारी के मुताबिक बता दे कि भीम राव अम्बेडकर का जंयती गुरुवार को माननी है। जिसकी तैयारी कर ली गयी है। गुरुवार को भरकट्टा पानी टंकी के पास संविधान निर्माता भारत रत्न ड० भीम राव अम्बेडकर की जयंती नो बजे सुबह मनाया जाएगा। वही पश्चिम जोन में एक बड़ी गोलबंदी के साथ 300 मोटरसाइकिल जुलूस के सकल में पलोंजीय हाट बाजार से निकलेगा और जुठाहआम मोड़ तक पहुँचेगा। मध्य जोन से 300 मोटरसाइकिल के साथ बड़ी गोलबंदी जुठाह आम पर पूर्व से उपस्थित रहेगा और पश्चिम जोन के मोटरसाइकिल जुलूस को साथ लेकर भरकट्टा बाजार के लिए रवाना होगा। पूर्वी जोन जंयती समारोह में गाँव टोले मुहल्ले से लगभग 1000 महिला पुरुषों के साथ समारोह में पूर्व से उपस्थित रहेंगे।

## बाइक और ट्रैक्टर के टक्कर में दो घायल, किया गया रेफर

**अपेम लाइव : गांवा मोजाहिद अली**



गांवा थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में बुधवार को मोटर साइकिल और ट्रै.क्टर के टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मंझने निवासी मोहम्मद उमर फारूक अपनी मां गुलनाज खातून के साथ किसी काम से गांवा आया था गांवा से लौटने के क्रम में आलमपुर के निकट अचानक ट्रैक्टर आ जाने से असंतुलित होकर जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा लाया गया जहां ड०क्टर काजिम खान ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिये सदर अस्पताल गिरीडीह रेफर कर दिया।

**APEM LIVE**

## स्कूल रूआर,2022 अभियान

**अपेम लाइव : गीरिडीह बजरंगी महतो**



मुख्य सचिव, झारखंड सरकार, स्कूली शिक्षा एवम् साक्षरता विभाग एवम् जिला शिक्षा पदाधिकारी – सह – जिला कार्यक्रम पदाधिकारी , गिरिडीह के निर्देशानुसार उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह , गिरिडीह में बाल संसद को प्रोत्साहित करने पर ष स्कूल रुआर – 2022ष कार्यक्रम को संचालित करने में सफलता मिल रही है।ज्ञात है कि 30 दिवसीय अभियान के तहत विधालय से बाहर रहने वाले बच्चों , प्रवासी परिवार के बच्चों , विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवम् कोरोना से प्रभावित होने वाले परिवार के बच्चों को स्कूल में दाखिला का विशेष आभियान के तहत शिक्षक , बाल संसद , विधालय प्रबंधन समिति अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। इस अभियान के तहत विधालय पोषक क्षेत्र में 5 से 18 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को नामांकित कराने का लक्ष्य है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह , गिरिडीह बाल संसद के प्रधानमंत्री छात्रा सुगिया यादव एवम् उप प्रधानमंत्री छात्र सौरभ कुमार ने विधालय से अनुपस्थित रहने वाले छात्र – छात्राओं का आकलन कर अपने बाल सदस्यों के माध्यम से सह पाठियों को विधालय लाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।अभिभावक से संपर्क करने के लिए विधालय के प्रधानाध्यापक एवम् शिक्षक बाल संसद के सदस्यों के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। विधालय मे प्रतिदिन छात्र – छात्राओं की उपस्थिति में वृद्धि हो रही है। नामांकन आभियान के तहत अब तक विधालय दस छात्र – छात्राओं का नामांकन हो चुका है। विधालय के बाल संसद विधालय की साफ सफाई व्यवस्था के साथ स्वस्थ्य रहने की सहभागिता सु.निश्चित करने वाले गति.विधियों में विधालय परिवार के साथ बने रहते हैं।

## दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना, बड़े भाई ने छोटे भाई के बाहों में तोड़ा दम

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**



दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना कोई नई बात नही है। दनुवा घाटी अपने आगोश में लेने के लिए हमेशा तैयार रहता है बस आप एक गलती कर बैठो। बुधवार को दनुवा घाटी में एक हृदय विदारक घटना घटित हुवा जहां दो सगे भाई सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए जहां बड़े भाई ने छोटे भाई के बाहों में दम तोड़ दिया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि इचाक प्रखण्ड के रा.जेन्द्र माली के दोनो सगे बेटे अपने बाइक पर सवार होकर गया जा रहे थे। मनीष कुमार माली व संजीत कुमार माली अपने पारंपरिक फूलों के व्यवसाय के लिए फूल लाने जा रहे थे। चौपारण थाना क्षेत्र के सियरकोनी घाटी के समीप दोनो का बाइक बाइक अनियंत्रित हुवा और डिवाडर से जा टकराया। बताया जाता है कि दुर्घटना इतना जबरजस्त था कि बड़े भाई ने छोड़े भाई के बाहों में ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के सूचना के बाद चौपारण पुलिस ने घायल संजीत को सामुदायिक अस्पताल चौपारण ले आया जहां डॉक्टरो ने बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग सदर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पहुँचे मृतक के पिता राजेन्द्र माली पहचान करते हुए गया जाने की बात बतला.ई। इधर चौपारण पुलिस ने शव का अन्तरपरिक्षण के बाद परिजनों को सौप दिया। घटना की सूचना मिलते ही इचाक में मातम का माहौल है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला निवासी सोनू इराकी झारखंड युवा सदन में चयन

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



बड़कागांव मुस्लिम मुहल्ला निवासी शाहिद उर्फ सोनू इराकी झारखंड युवा सदन के लिए चयन किया गया। सोनू ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं। बड़कागांव क्षेत्र के लिए समाज की सेवा व शिक्षा के लिए प्रचार प्रसार में जुड़े रहते हैं। 14 से 16 मई को रांची में आयोजित होने वाले सदन में में सोनू इराकी शामिल हा.ेंगे। और अपने क्षेत्र के समस्याओं को रखेंगे।



दिनांक: 13-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 07

## मालडा में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन, मांगी अमन चौन की दुआएं

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**




गावां प्रखण्ड अंतर्गत जामा मस्जिद मालडा में नौजवान कमिटी के द्वारा मंगलवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में आसपास के सैंकड़ो रोजेदारों, प्रबुद्धजनों एवं जनप्रनिधि सामिल हुए। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़ एक व्यंजनों के आनंद लिया। साथ ही लोगों ने अपने क्षेत्र, राज्य और देश के लिए अमन चौन की दुआएं मांगी। मौके पर जामा मस्जिद के इमाम, अंजुमन के सदर, सेक्रेटरी मो0 शाहबुद्दीन, मुखिया प्रतिनिधि मो0 मेराज, मो0 इल्यास इराकी, मो0 आरिफ, मो0शहबान, गुलाम मुस्. तफा, मो0 अल्लाउद्दीन समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## सावधान साइबर ठग कई एप के जरिए कर रहे हैं ठगी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



आए दिन कई लोग कैशबैक और प्री अप्रूव और बोनस पाने के लालच में हो रहे हैं साइबर ठगी का शिकार। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि साइबर ठग आजकल कई एप के जरिए लोगों को कैशबैक व महिंद्रा ऐप के जरिए ऋणी (लोनी) लोगों को फोन कर एक किश्त की राशि भूगतान करने के बाद ऋण (लोन) खत्म होने का झांसा देकर ठगी करते हैं। अधिकतर साइबर ठग अपने मोबाइल में महिंद्रा फाइनेंस एप के साथ अन्य कई फाइनेंस के एप इंस्टाल कर रखते हैं, जिसमे फर्जी मोबाइल नंबर के सहारे इंस्टाल किया गया होता है। आईसीजीटी के माध्यम के द्वारा किसी के भी मोबाइल नंबर पर आईपीएल मैच को लेकर मैसेज किया जा रहा है जिसमे 11सर्कल ऐप डा. उनलोड करने के लिए कहा जाता है जिसमे लालच दिया होता है कि खेलो और जीतो 1.51करोड़ प्रति दिन और 1500रुपए बोनस। इस तरह के मैसेज में एक लिंक भी दीया रहता है जिसे क्लिक कर 10000रुपए प्रतिदिन कमाने का ऑफर दिया हुआ रहता है। एयरटेल थैंक्स एप के जरिए 5लाख तक का प्री अप्रूव लोन आसानी से प्राप्त करने का ऑफर दिया रहता है। साथ ही 500रुपए कैश बैक, एक साल फ्री अमजोन प्राइम डिजनी हॉटस्टार फ्री सबस्क्राइब और 30दिनो तक पोस्टपेड एयरटेल बैंक के साथ क०ल करें, मैसेज में दस नंबर का मोबाइल नंबर दिया गया रहता है इस पर कॉल करने को लिखा रहता है या उस मैसेज में एक लिंक दीया रहता है जिसे क्लिक करने को कहा गया रहता है। यह मैसेज 650025के माध्यम से मोबाइल पर भेजा जाता है। मोबाइल फोन में ओटीपी भेजकर टे. स्टबुक वेरिफिकेशन के नाम पर भेजा जाता है और उस मैसेज में दिए लिंक पर जाकर उस ओटीपी को ल०गिन करने को कहा गया रहता है। बजज फाइनेंस के नाम पर दो लाख तक के लोन प्री अप्रूव लोन दिए जानें का लालच देकर लिंक क्लिक कर केवाईसी इंट्री करने को कहा गया रहता है। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी हमेशा अपने ग्राहकों को हमेशा जागरूक करते रहती है कि दस अंक के मोबाइल नंबर पर कोई भी फोनकॉल करने के लिए कोई भी मोबाइल प्रोवाइडर कंपनी नही कहती हैं साथ ही अकाउंट या सिम अपडेट के लिए कोई भी केवाईसी से संबंधित एसएमएस नही भेजता है। ऐसी धोखाधड़ी से सावधान रहें और क०ल पर कभी भी कोई ओटीपी या कोड शेयर ना करें। सावधान रहें सुरक्षित रहे

## सरकार और विभाग से बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा सभा प्रभारी रा. जेश सिन्हा ने बिजली और पानी के लिए जनता को संबंधित विभाग और जनप्रातिनिधि का जी हुजूरी करना पड़ता है,विभाग और सरकार इतना सुस्त है कि पर्व त्योहार में भी बिजली और पेयजल के मामले में दुरुस्त नहीं है।जब मन किया बिजली काट दिया जाता है जब मन करे पानी चला दिया जाता है। भाकपा माले बिजली विभाग और नगरनिगम को आगाह करता है कि यदि दो दिन में बिजली ठीक नहीं होगी तो बिजली विभाग के गेट पर विभाग और सरकार का पुतला फूकेंगे,आंदोलन करेंगे।नगर निगम में नए उपनगर आयुक्त आई है माले ने लगभग 7 वार्ड का आवेदन दिया है जहाँ पानी का घोर समस्या है सिर्फ एक जगह झिंझरी मुहल्ला में काम शुरू हुआ है,जल्द से जल्द 36 वार्ड में सुबह शाम पानी का इंतजाम किया जाए, पर्व का महीने में भी आम जनता को तड़पा और तरसा के रखा जाता है। माले नेता मो आलम,मो फिरोज वनांचल कॉलेज के तरफ 4 वार्ड के साथ वार्ड को लीड करेंगे जबकि माले के गुफरान,नेता उज्ज्वल साव व ताज हसन निशान्त भाष्कर,गब्बर,,चाँद,कैश इमाम,मनीष वर्मा,शहर और मुफ्फ़सील को भी देखेंगे की समस्याओ को देखेंगे, सोनु रवानी, रंजीत सिंह, मुन्ना साव,मज़बूल,सनातन साव,मुफ्फ़सील को देखेंगे हरेक वार्ड में लगभग प्रभारी बनाये जा रहे है पूरे अप्रैल यह काम चलेगा। अगले महीने माले सम्मेलन की तैयारी करेगा,जल्द इसका निर्णय माले के जिला सचिव पुरण महतो से बात कर के तिथि ली जाएगी।बिजली और पानी के आंदोलन को लीड करेंगे जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा व आर वाई ए के उपाध्यक्ष सह जिला कमिटी सदस्य प्रीति भास्कर ने संयुक्त रूप से उपरोक्त मांग किया है।




## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**






गिरिडीह, 13 अप्रैल 2022 : को उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती म. हलाओं/धात्री महिलाओं एवं नवजात बच्चों को दी जाने वाली पोषाहार की जानकारी ली गई एवं पोषाहार को सुनियोजित तरीके से वितरण करने हेतु आवश्यक व उचित दिशा–निर्देश दिया गया। इस दौरान समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरण किए जा रहे पोषाहार को समन्वय स्थापित करते हुए सुनियोजित तरीके से पोषाहार सामग्रियों की पै. केजिंग कर आंगनबाड़ी के माध्यम से लाभुकों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही इससे सं. बंधित रिपोर्ट/प्रगति प्रतिवेदन भेजना निश्चित रूप से सु. निश्चित करें। इसके अति. रिक्त उन्होंने पोषण सखी एवं समाज कल्याण में अन्य रिक्त पदों को शीघ्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने पोषण सखी से संबंध रिक्तियों को भरने हेतु किए जाने वाले प्रक्रिया में तेजी लाते हुए यथाशीघ्र नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करें।इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि समाज कल्याण द्वारा संचालित सभी क्रियाशील योजनाओं में एमपीआर सबमिशन करने में किसी भी प्रकार की अनियमितता/कोताही न बरतें। साथ ही समाज कल्याण अंतर्गत लंबित भुगतान में तेजी लाएं तथा सभी शेष लाभुकों को शीघ्र लाभान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने एमटीसी की समीक्षा की तथा सभी प्रखंडों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिया कि एमटीसी केंद्र में जितने भी बेड है सभी बेडो पर बच्चे की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कोई भी बेड खाली नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कुपोषित बच्चों को पूरी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूटीन वर्क को सही तरीके से करें। इसके साथ ही पूरक पोषाहार की समीक्षा की तथा आवश्यक निदेश दिया। तथा पोषाहार स–समय उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान मैटरनल हैल्थ/इंस्टीट्यूशन डिलेवरी, चाइल्ड एंड फैमिली प्लै. निंग, सेक्स रेशियों, बर्थ वेट, इम्यूनाइजेशन, डीटीसी, एचडब्ल्यूसी, एनआईडी व नीति आयोग के मानकों आदि कार्यो की समीक्षा की गई। सभी कार्यो की प्रखंडवार समीक्षा कर सं. बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि समय समय पर हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर्स का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने कहा कि रूटीन वर्क को सही तरीके से करें। इसके अलावा उपायुक्त ने चाइल्ड हेल्थ इम्यूनाइजेशन की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे यह सु. निश्चित करें। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आंग. नबाड़ी केंद्र के अंतर्गत सभी बच्चों का शत–प्रतिशत टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही साथ सभी आंग. नबाड़ी केंद्रों में सभी बुनियादी सेवाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करें। बैठक में उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिन दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र पूर्व से निर्गत है, उनका यथाशीघ्र उड़ीआईडी कार्ड निर्गत किया जाय। ताकि उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि प्रखंड/अंचल स्तर पर दिव्यांगजनों से विहित प्रपत्र में आवेदन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने हेतु सामाजिक सुरक्षा योजना के अधीन पेंशन स्वीकृति हेतु प्राधिकृत पदा. धिकारी ( ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रखंड विकास पदा. धिकारी एवं शहरी क्षेत्रों के लिए अंचल अधिकारी ) नोडल पदाधिकारी होंगे। सं. बंधित क्षेत्र की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी इस कार्य में पूर्ण सहभागिता के साथ सहयोग करेंगे। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग व समाज कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## परसाटांड़ पंचायत में बिजली कटौती और महंगाई को लेकर भाकपा माले फूटा आक्रोश फूंका पुतला

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



आज बुधवार को भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा की अब चौक चौराहे पुतला नहीं बल्कि संबंधित कार्यलय के प्रांगण में घुसकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार का महंगाई और बिजली कटौती के नाम पर पुतला फूकेंगे। बिजली और महंगाई के मुद्दे पर आज माले नेता मनीष वर्मा के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार का पुतला फूंका गया।जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर ने कहा कि महंगाई ऐसा बढ़ाया जा रहा है जैसे सरकार का किसी भी वस्तु में लगाम नही पा रही है गरीब और गरीब हो रहे है जबकि पूंजीपति और भी पूंजीपति हो रहे है।माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे उन्होंने कहा कि बिजली की भारी कटौती हो रही है जबकि बिजली का दर प्रत्येक यूनिट बढ़ाया जा रहा है,राज्य सरकार को खुलकर इसमे हस्तक्षेप करना चाहिए,इधर नगर. निगम साथ ही साथ पी एच डी विभाग पेयजल में गरीब बस्ती में ध्यान नहीं देते है सिर्फ पैरवी वाले जगहों पर काम करते है। माले नेता सिन्हा ने कहा कि अब रोड और चौराहे पर पुतला नहीं जलाएंगे जबकि संबंधित अ०फिस में घुसकर पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आम जनता को सिर्फ वोट देना है और नेता और प्रतिनिधि को पूरे पाँच साल चुप रहना है,ऐसा माले चलने नहीं देगा। आज के इस कार्यक्रम में बालेश्वर वर्मा, मनीष वर्मा, मनीष भारती, ईशर सोनार, महेन्द्र बर्मन, अर्जुन वर्मा, सुरेश स्वर्णकार, मिंटू वर्मा, प्रीति भास्कर, निशांत भास्कर रमेश वर्मा, उमेश वर्मा उपस्थित थे

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर अम्बेडकर मुहल्ला में बैठक संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत डॉ भीम राव अंबेडकर समुदाय भवन बड़कागांव में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर के विशेष बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष रघुनाथ राम, संच. ालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़कागांव में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित में से रविदास महासभा अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव ,रामपति राम, शंभू रविदास, ,अविनाश कुमार इत्यादि अजीत राम ,पूर्व पंचायत धर्मेंद्र राम ,धीरंजन राम, दर्जनों लोग उपस्थित थे। नगर समिति सदस्य राजीव रंजन गणेश राम, अकाश कुमार

## शाहीद अखतर के देहांत पर विधायक अंबा प्रसाद ने जताया शोक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


परिजन को ढाढस बंधाते विधायक प्रसाद

प्रखंड के बादम निवासी हाजी शाहिद अख्तर के निधन होने पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने गहरा शोक व्यक्त किया एवं उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना कीय अंबा प्रसाद ने मृतक के निवास स्थान पहुंचकर गहरी शोक प्रकट किया एवं परिवारजनों से मुलाकात कर यह दुख सहन करने हेतु ईश्वर से कामना की।

## जमीन को लेकर दो पक्ष में झड़प कई लोग घायल

**अपेम लाइव :**
**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**



बिरनी : प्रखण्ड के गोंगरा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। दोनों के बीच नोक-झोंक होते-होते विवादित जमीन स्थल रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। दोनों पक्ष आपस मे भिड़ गए, जिसमें राजेश कुमार, रेणु देवी, निर्मला देवी, सुनील मोदी घायल हो गए हैं. सभी का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरनी में किया गया। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच वर्षों से ही जमीन विवाद था, जिसका फैसला पंचायत स्तर पर किया गया था। मंटू मोदी ने थाने में आवेदन देकर मोदी, सुभाष मोदी, अनुरुद्ध मोदी, नारायण अविनाश मोदी, अभिषेक मोदी,कृष्णा मोदी,मनोज मोदी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथ. मिकी दर्ज किया है। मंटू मोदी ने बताया गोंगरा मुख्य सड़क पर दस फिट रैयती जमीन जो मेरे परदादा स्व. फागु मोदी व झरि मोदी के नाम पर है अपने जमीन में जेसीबी मशीन से काम करवा रहा था तभी अनुरुद्ध मोदी , बैजनाथ मोदी आदि अपने भाई के साथ आया और काम को रोक दिया । वि. रोध करने पर हाथ- पाई पर आ गया और देखते देखते मार-पीट शुरु हो गया। थाना प्रभारी अम. रजीत सिंह ने बताया मामले की जांच चल रही है , जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

## हाजी शाहिद अख्तर नहीं रहे बड़कागांव में शोक का माहौल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


शाहिद अख्तर।

हजारीबाग जिला स्तर पर 1990-2000 के दशक में क्रिकेट, फुटबॉल में अपने बेहतर खेल से लोगों को प्रभावित करने वाले बादम ग्राम निवासी आजसू नेता 55 वर्षीय शाहिद अख्तर का निधन बुधवार सुबह 9रू00 बजे हो गई। 3 वर्ष पूर्व आजसू पार्टी से जुड़े थे। कई वर्षों से शुगर रोग से ग्रसित थे। इनके निधन पर बड़कागांव प्रखंड के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों एवं विशिष्ट लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। लोगों ने कहा कि एक मृदुल भाषी और समाजसेवी को हम लोगों ने खो दिया है। यह समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू महासचिव रोशन लाल चौधरी सेवानिवृत्त शिक्षक महेंद्र नाथ पांडे, प्रखंड सदर हाजी तबस्सुम, कोलेश्वर गंझू, संजय तिवारी, भाजपा अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, बादम मुखिया दीपक दास अंजुमन सदर मो मो. कीतउल्लाह, सचिव शहंशाह खान, आजसू नेता राजा खान, अध्यक्ष गौतम वर्मा ,सचिव मनोज दांगी, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा जिला कांग्रेस महासचिव पंकज गुप्ता, पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी शशि बागे, फिरोज खान ,फिरोज आलम, शमशेर आलम, अरुण सिन्हा, दीपक गुप्ता ,दीपक कुमार, वार्ड सदस्य संतोष मेहता, श्रीकांत नि. राला सहित कई लोग शामिल हैं।

## प्रिया सेनेटरी द्वारा भंडारे का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


भंडारा प्रसाद का वितरण करते लोग

बड़कागांव रेंज ऑफिस के पास संचालित प्रिया सेनेटरी के प्रोपराइटर सत्येंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा सीकरी गांव में रामनवमी को लेकर भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उप. स्थित लोगों में मुख्य रूप से सत्येंद्र कुमार गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता ,पृथ्वीराज, अंकित गुप्ता ,दीपक गुप्ता ,अजय गुप्ता, राजेश गुप्ता ,सत्यम गुप्ता, रिंकू गुप्ता, अमन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, पंकज गुप्ता ,शिवम गुप्ता, विष्णु गुप्ता के अलावा कई लोग शामिल थे।

## 17 अप्रैल को भद्रकाली पहुचेंगे राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### माँ भद्रकाल में पूजा कर लेंगे आशीर्वाद

**अपेम लाइव : इटखोरी**



इटखोरी : बुधवार को मां भद्रकाली मंदिर के कीर्तन मंडली परिसर में राजपूत करणी सेना की एक बैठक किए गया । बैठक की अध्यक्षता राजपूत करणी सेना के प्रदेश महासचिव योगेश सिंह ने किया । बैठक के दौरान मुख्य रूप से 17 अप्रैल को राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मक. राना के इटखोरी भद्रकाली आगमन पर चर्चा की गई इस मौके उनका भव्य स्वागत करने समेत अन्य बातों पर रूपरेखा तैयार की गई । इस मौके योगेश सिंह ने कहा कि 17 अप्रैल को भद्रकाली मंदिर राजपूत करणी सेना के जितने भी सदस्य हैं अधिक से अधिक संख्या में उनका स्वागत व अन्य कार्यक्रमों के लिए जरूर अपना बहुमूल्य समय दें । इस मौके पर राजपूत करणी सेना के इटखोरी मयूरहंड व चौपारण थाना क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित थे । इस मौके पर योगेश सिंह शक्ति सिंह सिंधु सिंह राहुल सिंह पिंटू सिंह अश्वनी सिंह सोनू सिंह ज्वाला प्रताप सिंह बुंदेला दिलीप सिंह अजीत सिंह बबलू सिंह सुबोध सिंह चंदन सिंह समेत अन्य का नाम शामिल है ।


## आज सोनबरसा गांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा की होगा अनावरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सोनबरसा गांव में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आज 14 अप्रैल को 131 वी जयंती पर आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद दोपहर 1:00 बजे प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वही 6:00 बजे सुबह से कलश यात्रा निकाली जाएगी। तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वही डॉ० भीमराव आदमकद प्रतिमा का बड़कागांव मुख्य चौक ,दैनिक बाजार ,केरीगड़ा, सोनबरसा, चुरचू के अलावा अन्य गांव में नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में सोनबरसा गांव के अंबेडकर युवा क्लब के तमाम सदस्य शामिल थे।

APEM
LIVE




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार